तापमान
अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 27 मई 2026

11 जैन साध्वियों की मृत्यु से समाज में रोष, सौंपा ज्ञापन



12 नेशनल बास्केटबॉल में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### डेरा ब्यास गई महिला के घर लाखों की चोरी

**सोनीपत।** गांव कामी में बंद मकान को निशाना बनाकर चोर लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी कर ले गए। घटना के समय महिला अपनी बेटी के साथ पंजाब स्थित डेरा ब्यास गई हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव कामी निवासी मीना कुमारी ने पुलिस को बताया कि वह 20 मई को बेटी के साथ घर में ताला लगाकर डेरा ब्यास गई थी। 24 मई को पड़ोसियों ने फोन कर बताया कि घर के ताले टूटे पड़े हैं।25 मई को घर पहुंचने पर पता चला कि चोर दो सोने की अंगूठियां, सोने का कड़ा, कुंडल, मटर माला और करीब 50 से 55 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। जमीन से जुड़े जरूरी दस्तावेज भी गायब मिले। पीड़िता ने करीब छह से सात लाख रुपये के नुकसान की बात कही है।

### जानलेवा हमले के दो आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** शहर थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में गांव वजीरपुरा निवासी सतबीर और कर्मबीर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गांव वजीरपुरा निवासी अनिल ने 21 फरवरी को शिकायत दी थी कि उसके छोटे भाई मोहित ने फोन कर बताया था कि पुरानी रंजिश के चलते सूरज और उसके साथी उसके साथ झगड़ा कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने भाई दीपक के साथ मौके पर पहुंचा तो आरोपितों ने उन पर बर्फ तोड़ने वाले सूए, धारदार हथियार और डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव के लिए पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

### ट्रेन की चपेट में आए युवक की नहीं हो पाई पहचान

**गन्नौर।** पानीपत-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर गांव राजपुरा माइनर के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना के दूसरे दिन भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी पुलिस उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी है। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर गन्नौर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। जीआरपी प्रभारी सुरेश ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 24 वर्ष है। युवक के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज बरामद नहीं हुए हैं।

### एसएमडीए की बैठक में विकास को मिली नई रफ्तार, कई बड़ी परियोजनाओं को हरी झंडी

# गन्नौर में नया बाइपास और खरखौदा सोनीपत में बनेगी मल्टी लेवल पार्किंग

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक विधायक और अन्य नेता मौजूद रहे**

**सेक्टर-4 स्टेडियम में विकसित होंगी विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं**

**अकबरपुर बारोटा में लगेगा 90 एमएलडी का नया एसटीपी लगेगा**

**5 किलोमीटर लंबे बाइपास पर 77 करोड़ खर्च होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एसएमडीए) की एक महत्वपूर्ण बैठक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस उच्चस्तरीय बैठक में सोनीपत और उसके आसपास के क्षेत्रों के कायाकल्प से जुड़ी कई अहम बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में विकास कार्यों को गति देने और तय समय सीमा में कार्य पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज, अरविंद शर्मा, रणबीर गंगवा सहित विधायक निखिल मदान, देवेंद्र कादयान, कृष्ण गहलावत और सोनीपत के नवनिर्वाचित महापौर राजीव जैन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

बैठक में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए। इसके तहत गन्नौर में लगभग 77 करोड़ रुपये की लागत से 5 किलोमीटर लंबे बाइपास का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में यातायात सुगम होगा। इसके अलावा, सोनीपत और खरखौदा के डीसी कार्यालयों में पीपीपी मोड पर आधुनिक मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जाएगी, जिससे शहरों में पार्किंग की समस्या से राहत मिलेगी। खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए सेक्टर-4 स्थित स्टेडियम पर 27 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जहां बैडमिंटन, क्रिकेट, पिकल बॉल, लॉन टेनिस और आधुनिक पवेलियन जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी।मुख्यमंत्री ने बैठक में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल और प्रशासनिक जवाबदेही पर सख्त रुख अपनाया। सोनीपत शहर में पुलिस लाइन से बस स्टैंड तक रेन वाटर लाइन की मरम्मत मशीन वाउंड स्पाइरल लाइनिंग तकनीक से की जाएगी। मिशन चौक से कालूपुर चुंगी और सब्जी मंडी से बस अड्डे तक ईंटों से बनी पुरानी सीवर लाइनों को भी इसी आधुनिक तकनीक से दुरुस्त किया जाएगा। प्रशासनिक स्तर पर सख्ती दिखाते हुए मुख्यमंत्री ने नगर निगम के नए निर्माणाधीन भवन के कार्यों में देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्धारित समय में एस्टीमेट पूरा नहीं करने वाले संबंधित कमेटी सदस्यों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विभिन्न सेक्टरों में लिंक सड़कों के निर्माण, बरसाती पानी की निकासी और ड्रेन नंबर-6 के किनारों पर रिटेनिंग वॉल बनाने के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

### पेयजल और जल निकासी व्यवस्था के लिए बजट मंजूर



पेयजल और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी बड़े बजट को मंजूरी दी गई है। सोनीपत शहर में बड़वासनी से गोहाना रोड बाईपास होते हुए मुरथल रोड तक नहर आधारित पेयजल योजना के लिए जल्द सर्वे शुरू कराया जाएगा। वहीं गीता भवन से बस स्टैंड तक लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से नई ड्रेनेज लाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही अकबरपुर बारोटा में 90 एमएलडी क्षमता का नया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने को भी हरी झंडी दी गई है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सभी जल संयंत्रों पर लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। मीमारपुर में लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से घाट का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।

### डेढ़ साल से स्वाति पर दोस्ती का दबाव बना रहा था साइको किलर

# ट्रिपल मर्डर का आरोपी एक दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कुंडली स्थित टीडीआई सिटी के बीपीएल फ्लैट्स में रविवार देर रात हुए सनसनीखेज तिहरे हत्याकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि वारदात के पीछे एकतरफा जुनून और महिला पर दोस्ती का दबाव बनाने की सनक थी। आरोपित ब्रह्मप्रकाश पिछले करीब डेढ़ साल से पड़ोस में रहने वाली 32 वर्षीय स्वाति उर्फ पार्वती को परेशान कर रहा था। महिला के लगातार विरोध और दूरी बनाए रखने से नाराज होकर उसने खूनी वारदात को अंजाम दे दिया। शराब ठेके के पास से दबोचा गया आरोपित कुंडली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित ब्रह्मप्रकाश को ड्रेन नंबर-8 के पास स्थित शराब ठेके के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस अब उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल लोहे की रॉड, चाकू और अन्य साक्ष्य बरामद करने में जुटी है। मूलरूप से झज्जर के गांव जसौर खेड़ी निवासी ब्रह्मप्रकाश करीब दो साल पहले टीडीआई सिटी के बीपीएल फ्लैट्स में रहने आया था। अविवाहित ब्रह्मप्रकाश अपने भाई के फ्लैट में अकेला रहता था और एक निजी स्कूल में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत था। दूसरी ओर, गांव बड़ौली निवासी स्वाति अपने पति वीरेंद्र के साथ फ्लैट नंबर-1431 में रहती थी। रविवार रात करीब 11:20 बजे वीरेंद्र ड्यूटी पर गया हुआ था। इसी दौरान आरोपित हथियार लेकर स्वाति के फ्लैट में घुस गया और उससे अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर उसने लोहे की रॉड और धारदार हथियार से हमला कर दिया।



#### बचाव करने आए दंपती को भी मार डाला

स्वाति की चीखें सुनकर सामने रहने वाली उसकी सहेली सुनीता और उनके पति विजय कुमार (50) मौके पर पहुंचे। दोनों ने बीच-बचाव कर स्वाति को बचाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपित ने उन पर भी हमला बोल दिया। गुस्से में बेकाबू आरोपित तीनों को गंभीर हालत में घसीटते हुए प्रथम तल तक ले गया। वारदात के दौरान स्वाति को झाड़ियों की ओर घसीटे जाने से उसके कपड़े अस्त-व्यस्त हो गए, जबकि सुनीता के कपड़े भी फटे मिले। मामले में कोट मोहल्ला निवासी सुदेश कुमार की शिकायत पर कुंडली थाना पुलिस ने हत्या समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

# पटाखे छोड़ने वाली बुलेट पर चला ट्रैफिक पुलिस का डंडा, 68500 रुपये का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



देवीलाल चौक पर ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ गन्नौर ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व ट्रैफिक यूनिट प्रभारी सोहन सिंह ने किया। कार्रवाई के दौरान पटाखे छोड़ रही बिना नंबर प्लेट की एक बुलेट बाइक का 35 हजार 500 रुपये का चालान किया गया, जबकि दूसरी मॉडिफाइड बुलेट बाइक का 33 हजार रुपये का चालान काटा गया। अभियान के दौरान पुलिस ने कई वाहनों की जांच की और दर्जनभर से अधिक चालान किए। ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई देखकर कई वाहन चालक रास्ता बदलते और मौके से बचकर निकलने का प्रयास करते नजर आए। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट, अधूरे दस्तावेज, मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्ती की गई है।

# तीसरी बार टला नगर निगम का शपथ ग्रहण नेताओं के नए कुर्ते-पजामे फिर अलमारी में बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

**मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते फिर आगे बढ़ा**

सोनीपत नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम एक बार फिर टल गया है। प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए समारोह को अगली तिथि घोषित होने तक स्थगित कर दिया गया है। शहर के राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा है कि लगातार तीसरी बार शपथ ग्रहण समारोह की तारीख बदली गई है।

इससे पहले परीक्षाओं के कारण कार्यक्रम स्थगित किया गया था, जिसके बाद 27 मई सुबह 10 बजे का समय तय किया गया था, लेकिन अब इसे फिर आगे बढ़ा दिया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार इस बार कार्यक्रम स्थगित होने की मुख्य वजह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संभावित दौरा है। मुख्यमंत्री स्वयं समारोह में शामिल होकर नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देना चाहते हैं। इसी कारण अब कार्यक्रम की नई तिथि और समय उनके व्यस्त कार्यक्रम के अनुसार बाद में तय किया जाएगा। समारोह को लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई थीं। नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने मुरथल रोड स्थित जीवीएम कन्या महाविद्यालय के सभागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। सभागार में करीब 700 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। समारोह में नवनिर्वाचित महापौर राजीव जैन सहित भारतीय जनता पार्टी के 17 और कांग्रेस के 5 पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जानी थी।

#### पार्षदों के साथ समर्थकों में भी मायूसी छाई

बार-बार कार्यक्रम स्थगित होने से नवनिर्वाचित पार्षदों और उनके समर्थकों में मायूसी का माहौल है। चुनाव जीतने के बाद से ही शहर के टेलरों के यहां सफेद कुर्ते-पजामे और नेता ब्रांड सदरी सिलवाने की होड़ लगी हुई थी। कई पार्षदों और समर्थकों ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए विशेष तौर पर नए परिधान तैयार करवाए थे, लेकिन अब तारीख टलने से उन्हें कुछ दिन और अलमारी में ही टांगकर रखना पड़ेगा। समर्थकों को भी अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों को शपथ लेते देखने के लिए अब और इंतजार करना होगा।

# पेयजल संकट के बीच फल-फूल रहा आरओ वाटर कैंपर कारोबार

- भीषण गर्मी के साथ शहर की करीब 28 कॉलोनियों में गहराने लगा पानी का संकट
- रोजाना प्रति व्यक्ति 70 लीटर पानी के दावे हवा- हवाई, चार लाख लोग बूंद-बूंद को तरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सिटी पल्स

भीषण गर्मी के बीच जिले में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। शहर की करीब 28 कॉलोनियों में पानी की किल्लत बढ़ने के साथ ही आरओ वाटर कैंपर और पानी के टैंकरों का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। घरों से लेकर दुकानों और संस्थानों तक बड़ी संख्या में लोग अब आरओ वाटर कैंपर पर निर्भर हो गए हैं। नगर निगम क्षेत्र के कई इलाकों में दिनभर में मुश्किल से एक घंटे ही पानी की सप्लाई हो पा रही है, जिससे लोगों को जरूरत के मुकाबले आधा पानी भी नहीं मिल रहा। सबसे अधिक परेशानी लाइनपार पूर्वी क्षेत्र में देखी जा रही है। नगर निगम क्षेत्र में करीब चार लाख की आबादी और 1,35,757 भवन व प्रतिष्ठान शामिल हैं। इसके बावजूद लोगों को प्रति व्यक्ति 70 लीटर पानी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा, जबकि राष्ट्रीय औसत 140 लीटर प्रतिदिन माना जाता है।

- एक घंटे की सप्लाई में नहीं बुझ रही प्यास, आरओ प्लांटों पर बढ़ी निर्भरता

लाइनपार क्षेत्र में रेनीवेल पाइपलाइन जगह-जगह से लीकेज का शिकार है। वहीं मुरथल रोड स्थित पंप हाउस में अधिकतर समय सात में से पांच ट्यूबवेल बंद रहते हैं। तेजी से बढ़ती आबादी और कमजोर व्यवस्थाओं के कारण पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। ऐसे हालात में आरओ वाटर कैंपर लोगों के लिए राहत का जरिया बने हुए हैं। जिले के गोहाना, गन्नौर, खरखौदा, कथूरा और राई क्षेत्र में भी पानी की समस्या बनी हुई है। खासकर राई क्षेत्र में पानी में टीडीएस की अधिक मात्रा के कारण बड़ी आबादी आरओ वाटर कैंपर पर निर्भर है। आरओ प्लांट संचालक रोजाना घरों, दुकानों और संस्थानों तक पानी पहुंचा रहे हैं।

### कई प्लांटों में मानकों की हो रही अनदेखी

शहर में करीब 100 आरओ वाटर प्लांट संचालित हो रहे हैं, लेकिन इनमें से कई जगहों पर नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। कहीं तकनीकी विशेषज्ञों की कमी है तो कहीं पानी की टंकियों और कैंपरों की नियमित सफाई नहीं हो रही। कई प्लांट बिना एनओसी के संचालित होने की भी चर्चा है। विशेषज्ञों के अनुसार समय-समय पर पानी में कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया, एरोबिक माइक्रोबियल स्तर, टीडीएस और क्लोरीन की जांच जरूरी होती है, लेकिन कई संचालक इन मानकों की अनदेखी कर रहे हैं।

### अवैध कनेक्शनों से बढ़ रही समस्या

मानकों के अनुरूप कनेक्शन नहीं होने के कारण कई जगह पाइपलाइन लीकेज की समस्या बनी हुई है। इन लीकेज पाइंटों से सीवर का दूषित पानी पेयजल में मिल रहा है। नगर निगम क्षेत्र में करीब 53 हजार वैध पानी-सीवर कनेक्शन हैं, जबकि अवैध कनेक्शनों की संख्या करीब 70 हजार बताई जा रही है। माना जा रहा है कि अवैध कनेक्शन के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से यह समस्या बढ़ी है। निगम ने कनेक्शनों को वैध कराने के लिए विशेष अभियान भी शुरू किया है। नरेंद्र नगर, बाबा कॉलोनी, मोहन नगर, लक्ष्मण कॉलोनी, पंचशील कॉलोनी, विकास नगर, मालवीय नगर और कोट मोहल्ला समेत कई क्षेत्रों में दूषित पेयजल की शिकायतें लगातार मिल रही हैं।

#### रोहट नहर से पानी ला रहे



वर्तमान में शहर के अधिकतर क्षेत्र पेयजल किल्लत व स्वच्छ पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। लाइनपार ही नहीं, बल्कि शहरभर के काफी लोग रोहट स्थित नहर से पानी लाकर घरों व प्रतिष्ठानों में पेयजल के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। आरओ वाटर प्लांट से सप्लाई की जांच होनी चाहिए -सीए अनुज मंगला

#### वाटर प्लांट की हो जांच



शहर में कई जगह आरओ वाटर प्लांट लगे हैं। पेयजल की बढ़ती किल्लत कैंपर खरीदने को मजबूर है। कई वाटर प्लांट पर बोरिंग से पानी ठंडा करके कैंपरों में भरकर 10 से 20 रुपये में बेचा जा रहा है। यह वक्त के साथ लोगों की डिमांड बन चुका है।

-प्रदीप गर्ग

#### पेयजल आपूर्ति की क्षमता बढ़ाने का प्रयास कर रहे

शहर में पेयजल आपूर्ति की क्षमता बढ़ाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कहीं किल्लत है, तो वहां कैंटरों के जरिए पानी भेजा जा रहा है। अगर कहीं बिना एनओसी के वाटर प्लांट का संचालन हो रहा है, तो जल्द कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पानी-सीवर कनेक्शनों को वैध करवाने के लिए शिविर लगाए गए है। -**हर्षित कुमार**, नगर निगम आयुक्त

# दिल्ली मार्ग पर लगी रेलिंग का विरोध, पीछे हटाने की मांग



खरखौदा। रेलिंग पर विरोध जताते दहिया खाप प्रधान जयपाल

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की ओर से लगाई गई रेलिंग का विरोध शुरू हो गया है। दहिया खाप के प्रधान जयपाल दहिया ने आरोप लगाया कि विभाग ने रेलिंग सड़क के बिल्कुल किनारे लगा दी है, जबकि इसे फुटपाथ छोड़कर पीछे की ओर लगाया जाना चाहिए था। उनका कहना है कि मौजूदा स्थिति में यह रेलिंग दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। जयपाल दहिया ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय यदि चालक का थोड़ा भी संतुलन बिगड़ता है तो वाहन सीधे रेलिंग से टकरा सकता है, जिससे गंभीर हादसे होने की आशंका बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि रेलिंग लगाने के दौरान फुटपाथ की भी अनदेखी की गई है, जिससे पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दहिया ने प्रशासन से मांग की कि सुरक्षा मानकों के अनुसार रेलिंग को पीछे की ओर शिफ्ट किया जाए, ताकि फुटपाथ सुरक्षित रह सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो दहिया खाप आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होगी।

- सड़क किनारे रेलिंग लगाने पर भड़की दहिया खाप, दी आंदोलन की चेतावनी
- फुटपाथ घेरने और हादसों का खतरा बढ़ाने का आरोप



# पाकिस्तानी क्रिकेटर का किरदार निभाएंगे फरहान

**मुंबई।** फरहान अख्तर इन दिनों रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' विवाद को लेकर चर्चाओं में हैं। इसी बीच उनके काम से जुड़ी भी एक खबर आ रही है। फरहान जल्द ही क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही फिल्म में कैमियो रोल कर सकते हैं। वह फिल्म में एक पाकिस्तानी क्रिकेटर की भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। इसमें उनका किरदार लाला अमरनाथ के बेहद नजदीक है और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, अभी मेकर्स ने और फरहान ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। बता दें वह इस प्रोजेक्ट से निर्माता के तौर पर भी जुड़े हुए हैं। क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही इस बायोपिक को कई निर्माता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## लाइफ Style

# पूजा

## इकोज ऑफ अस को लेकर हैं सुर्खियों में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूजा बत्रा की बतौर निर्माता फिल्म 'इकोज ऑफ अस'को कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में प्रदर्शित किया गया, जिसे लेकर अभिनेत्री ने खुशी जाहिर की। पूजा ने सोशल मीडिया पर रेड कार्पेट से अपनी ग्लैमरस तस्वीरें साझा करते हुए इस उपलब्धि को यादगार बताया।

एक्ट्रेस पूजा बत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इकोज ऑफ अस को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इकोज ऑफ अस एक इमोशनल ड्रामा है, जो प्रेम, बिछड़ने के दर्द और मानवीय रिश्तों की जटिल भावनाओं को दर्शाती है। इस फिल्म में यूलिया वंतूर ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की है। उनके साथ दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का निर्देशन जो राजन ने किया है, जबकि इसे पूजा बत्रा ने अपने लॉस एंजिल्स स्थित प्रोडक्शन हाउस 'ग्लोबेलिंक'के तहत एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रोड्यूस किया है। महज 20 मिनट लंबी इस शॉर्ट फिल्म ने दुनियाभर के कई फिल्म समारोहों में जबरदस्त सराहना हासिल की है। पूजा बत्रा ने इंस्टाग्राम पर कान्स फिल्म फेस्टिवल से अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह रेड कार्पेट पर बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आईं। पोस्ट के साथ अभिनेत्री ने फिल्म और अपनी टीम के लिए एक भावुक नोट भी लिखा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, कान्स यानी के-ए-एन, क्योंकि हम कर सकते हैं। फिल्म अब तक 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है।



## हॉलीवुड मसाला



# जीता आर्टिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप बैंड बीटीएस के फैंस दुनियाभर में हैं। इस बार अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2026 में इस बैंड ने लगभग तीन अवॉर्ड अपने नाम किए। पहला पुरस्कार उन्होंने 'आर्टिस्ट ऑफ द ईयर' का जीता। इसके बाद बैंड ने 'स्विम' के लिए सॉन्ग ऑफ द समर और बेस्ट मेल के-पॉप आर्टिस्ट का खिताब भी अपने नाम किए। इसके पहले बीटीएस ने 2021 में यह पुरस्कार अपने नाम किया था। अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में सिंगर सबरीना कारपेंटर के एल्बम 'मैन्स बेस्ट फ्रेंड' को एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट पॉप एल्बम का अवॉर्ड दिया गया।



# ब्रैड तलाक के बाद के हालात के कारण नहीं कर रहे शादी!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर यह खबर जंगल में आग की तरह फैल रही है कि एंजेलिना जोली से तलाक के बाद वह दोबारा शादी करने वाले हैं। ब्रैड पिट इन दिनों खुद से 29 साल छोटी इनेस डी रेमोन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब 4 साल से एक-दूसरे के साथ हैं। हालांकि, शादी की खबरों को एक हालिया रिपोर्ट ने फर्जी बताया है। रिपोर्ट में एक करीबी सूत्र ने कहा है, 'ब्रैड और इनेस की जोड़ी आपस में 'बहुत खुश' है। ऑस्कर जीत चुके एक्टर 'अपनी शांत स्वभाव वाली गर्लफ्रेंड से मिलने वाले सुकून और सहारे का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, उनका शादी को लेकर अभी कोई प्लान नहीं है। इसकी एक वजह एंजेलिना जोली से उनके अलगाव के बाद के हालात हैं। वैसे, ब्रैड पिट की तरह ही इनेस भी तलाकशुदा हैं। ब्रैड पिट की उम्र 62 साल है।



# शकीरा के डांस की दीवानी हुईं अमीषा

**मुंबई।** अभिनेत्री अमीषा पटेल इन दिनों सोशल मीडिया पर दो बातों को लेकर काफी चर्चा में हैं। पहली वजह है पॉप स्टार शकीरा की तारीफ करना और दूसरी वजह है बॉलीवुड के नए कलाकारों पर गुस्सा निकालना। मशहूर सिंगर शकीरा ने फीफा विश्व कप 2026 के ऑफिशियल गाने 'दाई दाई' से धमाकेदार वापसी की है। इस गाने में उनके साथ नाइजीरियाई सिंगर बर्ना बॉय भी हैं। गाने के एक वीडियो में शकीरा पीले रंग के कपड़ों में शानदार डांस करती नजर आ रही हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए अमीषा पटेल ने लिखा, 'वाह शकीरा, आप 49 साल की उम्र में भी कमाल हैं। आपका डांस, ड्रेस और लुक 25 साल की उम्र से भी ज्यादा हॉट और खूबसूरत है।'



# है जवानी तो इश्क होना है... का गाना रिलीज

**मुंबई।** 'है जवानी तो इश्क होना है' के मेकर्स ने मंगलवार को वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े पर फिल्माया गया गाना 'चुनरी चुनरी' रिलीज किया। जहां डांस स्टेप्स, नएपन और गाने की वाइब ने लोगों का ध्यान खींचा, वहीं कुछ लोगों को पुराने वर्जन और सलमान खान-सुष्मिता सेन की याद आ गई। यह गाना सलमान खान और सुष्मिता सेन पर फिल्माए गए 'चुनरी' गाने का रीमेक है। ऐसा लगता है कि नेटिजन्स को यह गाना ज़्यादा पसंद नहीं आया। एक ने लिखा- सलमान और सुष्मिता की एनर्जी का कोई मुकाबला नहीं। एक यूजर ने कहा- सलमान कोने में रो रहे होंगे। एक कमेंट में लिखा था- इससे घटिया क्या ही होगा। हाल ही में एक इवेंट में, मस्ती भरे माहौल में कैमरों के सामने पोज देते हुए, सलमान खान ने वरुण धवन का मजाक उड़ाया था।

## टीवी मसाला



# रमाकांत की मौजूदगी हर सीन को कर देती थी रोशन

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाले दिग्गज अभिनेता रमाकांत दायमा का 26 मई को निधन हो गया। इस खबर को सुनकर उनके करीबी और फैंस गहरे शोक में डूब गए हैं। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने भी रमाकांत दायमा के निधन पर शोक जताया है। उनके लिए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर लिखी है। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने एक भावुक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा, 'आज हमने एक अद्भुत शख्सियत को खो दिया है। एक ऐसा इंसान जिनकी आवाज बुलंद थी, उनकी मौजूदगी हर सीन को रोशन कर देती थी। वह सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता और प्रतिभाशाली गायक ही नहीं थे, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक पिता-तुल्य हस्ती और न जाने कितने लोगों के दोस्त भी थे। उनकी दयालुता, उनकी कला और उनकी गर्मजोशी हम सभी के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी। उनका प्यार और उनका जुनून हमेशा हमारे दिलों में गूंजता रहेगा। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे।' अभिनेता रमाकांत दायमा के निधन पर सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने भी शोक व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर एक शोक संदेश साझा करते हुए एसोसिएशन ने लिखा, 'गहरे दुख के साथ हम श्री रमाकांत दायमा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, वे एक सम्मानित पूर्व कार्यकारी समिति सदस्य और हमारी इंडस्ट्री का एक खास हिस्सा थे।' वर्षों के अभिनय करियर में रमाकांत दायमा ने कई फिल्मों, टेलीविजन सीरियल और थिएटर प्ले में काम किया। शाहरुख खान अभिनीत चक दे इंडिया के अलावा वह धनक जैसी फिल्मों में नजर आए। रमाकांत दायमा के मौत की पुष्टि उनकी साथी एक्ट्रेस शुभांगी लटकर ने सोशल मीडिया पर की है।


## मेरे कारण-अर्जुन आ गए : दिव्यांका

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल ये है मोहब्बतें में ईशी मां का रोल से प्रसिद्ध हुईं दिव्यांका त्रिपाठी शादी के 10 साल बाद मां बन गई हैं। उनकी खुशी डबल हो गई है, क्योंकि उन्होंने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है। दिव्यांका और उनके पति विवेक ने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर किया है। दिव्यांका जुड़वां बच्चों की मां बन गई हैं। 26 मई को दिव्यांका और विवेक ने इंस्टाग्राम पर दो जुड़वां बेटों की तस्वीर वाला पोस्टर शेयर करके खुशखबरी दी। पोस्टर पर लिखा, 'हमने खुशी मांगी थी, भगवान ने कहा, 'दोगुनी खुशी लो।'जुड़वा बेटों का आशीर्वाद मिला है।' दिव्यांका और विवेक ने आगे लिखा, 'इंतजार आखिरकार खत्म हुआ, हमारे बेटे आ गए हैं और जिंदगी हमारी कल्पना से कहीं ज्यादा खूबसूरत लग रही है। मेरे करण अर्जुन आ गए।'



# पिता की पुण्यतिथि पर भावुक हुए संजय, साझा कीं पुरानी तस्वीरें





मुंबई। अभिनेता संजय दत्त अपने जीवन के उतार-चढ़ाव के बाद अपने परिवार के बेहद करीब रहे हैं। हाल ही में अपने दिवंगत पिता और दिग्गज अभिनेता सुनील दत्त की 21वीं पुण्यतिथि पर संजय ने उनसे जुड़ी यादें ताजा कीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने परिवार की कुछ पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए पिता को याद किया। संजय दत्त अपने पिता के काफी करीब रहे हैं। एक्टर के हर बुरे वक्त में सुनील दत्त उनके साथ मजबूती से खड़े रहे थे। पिता की पुण्यतिथि के मौके पर संजय ने कुछ पुरानी पारिवारिक तस्वीरें साझा कीं। इसमें से एक में जहां वो बचपन में अपने पिता की गोद में बैठे नजर आए। वहीं, एक अन्य तस्वीर में वो बहनों प्रिया-नम्रता दत्त और पिता के साथ खड़े हैं। ये ब्लैक एंड वाइट फोटोज संजय के जवानी के दिनों की याद दिलाती हैं। संजय दत्त ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक कैप्शन लिखा। एक्टर ने लिखा, 'पापा, मैं आपको हमेशा याद करता रहूंगा और आपसे बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे जीवन में हमेशा से एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। आपके जैसा पिता पाकर मैं खुद को खुशनसीब महसूस करता हूं।' बता दें, अभिनेता सुनील दत्त का निधन 25 मई 2005 में 75 वर्ष की उम्र में हुआ था। उन्हें नींद में ही दिल का दौरा पड़ा था। उनकी पत्नी यानी संजय की मां नरगिस कई साल पहले ही दुनिया को अलविदा कह चुकी थीं। सुनील दत्त का हिंदी सिनेमा में एक अलग मुकाम रहा है। उन्होंने बॉलीवुड को 'एक ही रास्ता' और 'मदर इंडिया' जैसी सफल फिल्में दी हैं। इसके अलावा 'सुजाता', 'गुमराह', 'हमराज', 'पड़ोसन' और 'हीरा' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग के लिए आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। एक सफल करियर के बाद सुनील आखिरी बार बेटे संजय दत्त के साथ ही पर्दे पर दिखाई दिए थे। उन्होंने 2003 में रिलीज हुई संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' में उनके पिता का किरदार निभाया था।

# कांतारा विवाद के बाद रणवीर ने किए चामुंडेश्वरी देवी मंदिर के दर्शन

**मुंबई।** धुरंधर स्टार रणवीर सिंह मंगलवार को मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। उन्होंने यह कदम धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगने के बाद उठाया है। रणवीर सिंह ने यह कदम कांतारा फिल्म में दैव की विवादास्पद मिमिक्री के संबंध में कर्नाटक हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उठाया। रणवीर सिंह ने मंदिर का दौरा 'कांतारा' मिमिक्री मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के एक निर्देश के बाद किया है। अप्रैल में रणवीर सिंह ने इस मामले में अदालत में एक हलफनामा जमा किया था और बिना शर्त माफी मांगी थी। इसके बाद अदालत ने उन्हें चार हफ्तों के भीतर चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा करने का आदेश दिया। रणवीर सिंह ने अदालत के आदेश का पालन किया और देवी चामुंडेश्वरी की पूजा की। उनके इस दौरे को काफी हद तक गुप्त रखा गया था। एक्टर को मंगलवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने तक मास्क पहना हुआ था। बाद में, वे पूजा करने के लिए गर्भगृह में प्रवेश कर गए। यह मामला 30 नवंबर, 2025 को गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया की एक घटना से जुड़ा है। इस समारोह के दौरान, रणवीर सिंह ने 'कांतारा' के उस 'दैव' दृश्य की नकल की थी, जिसमें फिल्म के निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी नजर आए थे। रणवीर सिंह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद कन्नड़ भाषी समुदाय के एक वर्ग की ओर से उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। बाद में, रणवीर सिंह ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस आलोचना का जवाब दिया और अपनी इस हरकत के लिए माफी मांगी। उन्होंने लिखा, 'मेरा मकसद फिल्म में ऋषभ के अभिनय को उजागर करना था।



## 95 साल पहले ऐसे हुई पहले गाने की शूटिंग

# ट्रेन के रुकने का इंतजार, रात को शूटिंग, पेड़ों के पीछे दिया संगीत

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जितना प्यार फिल्मों को मिला है, उतना ही प्यार उन फिल्मों के संगीत से भी किया गया है। अब तो मानो हर फिल्म की रूह उसके संगीत को ही माना जाता है। फिल्मों में अगर संगीत ना हो तो मानो वह फिल्में अधूरी सी लगती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला गाना कौन सा था? इस गाने की कहानी क्या थी?*



### कैमरे के सामने गाया था लाइव गाना

कुछ आर्काइव रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस दौर में बड़े वाद्य यंत्र या फिर कोई खास उपकरण नहीं होते थे। ऐसे में डब्ल्यू. एम. खान ने कैमरे के सामने इस गाने को लाइव गाया था और उनके साथ बजने वाले वाद्य यंत्रों को भी उसी वक्त लाइव बजाया गया था। गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान हारमोनियम और एक तबला बजाया गया था। कहा जाता है कि, संगीतकार फिरोजशाह मिस्त्री हारमोनियम और तबला लेकर कैमरे के पीछे, स्टूडियो के एक कोने में छिपकर बैठ गए थे, ताकि वह फ्रेम में न आएं, और उनकी आवाज सीधे माइक्रोफोन में रिकॉर्ड हो सके।

### साल 1931 में आया था पहला गाना

अक्सर लोगों के मन में सवाल आता है कि जिन गानों पर असल में हम झूमते हैं और डांस करते हैं आखिर उन्हीं गानों की सिनेमा में कहानी क्या है? फिल्मों का पहला गाना क्या था, तो इसका जवाब है कि सिनेमा का पहला गाना साल 1931 में आया था। जी हां, भारतीय सिनेमा का पहला गाना है, 'दे दे खुदा के नाम पर प्यारे, ताकत हो गर देने की...'। यह गाना साल 1931 में रिलीज हुई भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' का है। इसी गाने को सिनेमा का पहला गाना कहा जाता है।

### सिंगर नहीं, एक्टर ने गाया था गाना

इस गाने को किसी पेशेवर सिंगर ने अपनी आवाज नहीं दी थी। उस दौर में 'प्लेबैक सिंगिंग' की तकनीक तब उतनी प्रचलित नहीं थी। इस गाने को फिल्म आलम आरा के ही एक अभिनेता डब्ल्यू. एम. खान (वजीर मोहम्मद खान ने गाया था। फिल्म में उन्होंने एक फकीर का किरदार निभाया था और यह गाना उसी फकीर पर फिल्माया गया था, जिसमें उन्होंने ही इसे आवाज दी और उन्होंने ही इस पर एक्ट भी किया था।

### कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा

इन बीते वर्षों में भारत की पहली बोलती फिल्म का कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा है। आलम आरा फिल्म के प्रिंट्स और इसके गानों के ओरिजिनल साउंड ट्रैक अब खो चुके हैं। महज कुछ ही तस्वीरें और रिकॉर्ड्स बाकी हैं, जिन्हें संजोकर रखा गया है।

### ज्योति स्टूडियो में की गई थी शूटिंग

जब ये गाना रिकॉर्ड हुआ तो उस दौरान काफी कुछ नया हुआ था। दरअसल 'आलम आरा' फिल्म और इसके गानों की शूटिंग मुंबई के 'ज्योति स्टूडियो' में की गई थी। परेशानी की बात तो यह थी कि ये स्टूडियो रेलवे ट्रैक के पास ही मौजूद था, ऐसे में दिनभर यहां पर ट्रेनों की आवाजाही रहती थी। जब गाने की शूटिंग होती थी तो उस वक्त ट्रेनों का शोर नहीं होता था। उस दौर में सिंगल साउंड सिस्टम से ही रिकॉर्डिंग की जाती थी। ऐसे में हल्का सा भी शोर इसके लिए परेशानी बन जाता, तो जब ट्रेनें रुक जाती थीं तभी गाने की रिकॉर्डिंग की जाती थी। इसलिए गाने और फिल्म की शूटिंग रात के 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी।

## खबर संक्षेप

### घर में घुस चोरी के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सदर सोनीपत पुलिस ने घर में घुसकर चोरी का प्रयास करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान विकास पुत्र सुनील निवासी बड़ौत, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। वह गांव में किराये पर रहकर एक कंपनी में काम करता था।

पुलिस को दी शिकायत में गांव कामी निवासी आशीष ने बताया कि 25 मई की रात करीब 1:50 बजे एक युवक उनके घर में घुस गया। उस समय उसकी मां और बहन घर में सो रही थीं। बहन के बेड पर रखा मोबाइल फोन और लैपटॉप युवक उठाने लगा। आवाज सुनकर बहन की आंख खुल गई।

### अवैध कॉलोनियों पर अंकुश लगाने की मांग

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद जसबीर सैनी नवनियुक्त जिला उपायुक्त वर्षा खंगवाल से मुलाकात कर अवैध कॉलोनी काटने वाले भू-माफियाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। उन्होंने बताया कि वे कई बार सीएम के समक्ष अवैध कॉलोनियों का मुद्दा उठा चुके हैं। उन पर सख्ती से शिकंजा कसा जाना चाहिए। डिसी ने आश्वस्त किया कि किसी भी हाल में कोई गलत कार्य नहीं होने देंगे। उनके साथ पुनीत प्रधान, जोगेंद्र टेलर, हरीश, सुभाष, नीरज व जयभारत आदि ने डीसी को पदभार संभालने की बधाई दी।

### एमडीयू: इंजीनियरिंग व एजुकेशन परीक्षाएं 3 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि (एमडीयू) की जून 2026 में होने वाली इंजीनियरिंग एवं एजुकेशन कोर्सेज की थ्योरी परीक्षाएं 3 जून से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि बीटेक द्वितीय सेमेस्टर (जी स्कीम केवल री-अपीयर तथा एच स्कीम रेगुलर), एमएड/ एमएड स्पेशल तृतीय सेमेस्टर (केवल री-अपीयर) तथा एमएड चतुर्थ सेमेस्टर (रेगुलर एवं री-अपीयर) की परीक्षाएं 3 से आरंभ होंगी।

### यूजी, लॉ और डिप्लोमा परीक्षाओं की डेटशीट बदली

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि (एमडीयू) ने मई 2026 की यूजी, लॉ और डिप्लोमा प्रोग्राम परीक्षाओं की डेटशीट में संशोधन किया है। विवि प्रशासन के अनुसार कुछ पेपरों के क्लैश होने तथा कुछ विषय मुख्य डेटशीट में शामिल न होने के कारण परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया गया है।

## धार्मिक स्थल सेवा और सद्भाव की भावना से जोड़ते हैं: इंद्रजीत

# नारियल फोड़कर श्री जय श्री राम जी आश्रम की आधारशिला रखी

### पंजाबी महासभा अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी ने पहुंचकर संतजनों एवं श्रद्धालुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

गोवर्धन कॉलोनी, वार्ड नं. 10, गोहाना में जन उत्थान सेवा फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री जय श्री राम जी आश्रम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में पंजाबी महासभा अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी ने पहुंचकर संतजनों एवं श्रद्धालुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने आश्रम के नव-निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। आश्रम की आधारशिला रखे जाने एवं नव-निर्मित श्री जय श्री राम जी आश्रम की निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों के साथ धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा भी हुई। इंद्रजीत विरमानी ने कहा कि धार्मिक स्थल समाज को एकता, संस्कार, सेवा और सद्भाव की भावना से जोड़ने का कार्य करते हैं तथा ऐसे पुनीत कार्यों में समाज का सहयोग अत्यंत प्रेरणादायक होता है। इस अवसर पर आश्रम अध्यक्ष सोनू कुमार, पार्षद संजय सैनी, प्रेम सिंह, देवी सिंह फौजी, जयभगवान उर्फ टिल्लू, अनिल नारद, रवि कुमार, कृष्ण, उपकार खोखर, रामू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**गोहाना।** आश्रम की आधारशिला रखते महासभा के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी। *फोटो : हरिभूमि*

### गोशाला में समाजसेवी ने 1. 21 लाख दान दिए

**गोहाना।** राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट द्वारा खानपुर मोड़ के नजदीक संचालित गोशाला में मंगलवार को गांव लिबासपुर के प्रमुख लोग पहुंचे। यहां गोसेवा के कार्यों से प्रभावित होकर समाजसेवी रोहतास सरोहा ने 1.21 लाख रुपये दान दिया। प्रतिनिधिमंडल में रोहतास सरोहा, सोमबीर सरोहा, अजीत, कप्तान साहब, सूरत सिंह, ओम प्रकाश और कुलदीप सिंह रहे। प्रतिनिधिमंडल ने गोशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और वहां चल रहे गोसेवा के कार्यों की सराहना की। ट्रस्ट के अध्यक्ष रामेश्वर दास सैनी ने कहा कि दानदाताओं और समाज के सहयोग से ही गोमाता की सेवा का कार्य निरंतर चल रहा है। ट्रस्ट की तरफ से रोहतास सरोहा को सम्मान-पत्र भेंट किया गया। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह ठेकेदार, आजाद सिंह दांगी, अशोक आर्य, डा. मनोज, दीपक और राजकुमार उपस्थित रहे।



**गोहाना।** राशि का चेक देते रोहतास सरोहा। *फोटो : हरिभूमि*

# रीवा में तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो साध्वियों की मौत से जैन समाज में रोष

- एमपी के सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मध्यप्रदेश के रीवा में तेज रफ्तार कार द्वारा टक्कर मारकर दो जैन साध्वियों की मृत्यु से जैन समाज में गहरा रोष है और सोनीपत जैन समाज के प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर घटना की निष्पक्ष जाँच करवाकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की मांग की है।

दिगंबर समाज के अध्यक्ष अधिवक्ता एस के जैन तथा नगर निगम मेयर राजीव जैन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती सिमरन से मुलाकात करके घटना की जानकारी देते हुए बताया कि जैन साध्वी श्रुतमति एवं उपशम मति माता जी पैदल विहार कि दौरान सड़क के साइड में चल रही थी कि कार ने टककर मारकर दोनों को मौत के घाट उतार दिया और गाड़ी लेकर भाग गया। जैन समाज ने दिए गए ज्ञापन में कहा है कि जैन साधु पूर्णतः अपरिग्रही होते हैं और वे पूरा जीवन पैदल ही चलते हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस घटना को गंभीरता से लेते पूरे देश में जैन साधु साध्वियों की कम से कम विहार करने के दौरान सुरक्षा का प्रोटोकॉल तुरंत सुनिश्चित किया जाए ताकि ऐसी विभीत्स घटना की पुनरावृत्ति ना हो।



**सोनीपत।** सीटीएम को ज्ञापन सौंपते जैन समाज के प्रतिनिधि। *फोटो : हरिभूमि*

# त्याग व समर्पण की प्रतिमूर्ति थी रमाबाई आंबेडकर : अहलावत

- डॉ. भीमराव आंबेडकर की पत्नी रमाबाई अंबेडकर की पुण्यतिथि की पूर्ण संख्या पर श्रद्धांजलि समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

अंबेडकर संघर्ष समिति के तत्वावधान में बुधवार को गांव गढ़ी सराय नामदार खां की चौपाल में डॉ. भीमराव अंबेडकर की पत्नी रमाबाई आंबेडकर की पुण्यतिथि की पूर्ण संख्या पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता समिति के प्रदेश महासचिव रोहतास अहलावत ने कहा रमाबाई आंबेडकर त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति थी। वे बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को महापुरुष बनने वाली महानायिका थी। जब बाबा साहब विदेश में पढ़ाई कर रहे थे तो धन के अभाव के कारण रमाबाई ने उपले तक बेचकर गुजारा करना पड़ता था लेकिन उन्होंने बाबा साहब को इसकी भनक तक नहीं लगने दी। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा दोनों की गृहस्थी से अपने पांच बच्चों में से चार को अपनी आंखों के सामने मरते हुए देखा। नए कफन के पैसे ना होने के कारण अपनी साड़ी को फाडक़र पार्थिव शरीर को ढकना पड़ता था। 27 मई 1935 को उनका निधन हो गया। बाबा साहब को विश्व विख्यात महापुरुष बनने में रमाबाई का साथ था इस अवसर पर नरेश चहल, सुरेश चहल, सतबीर पतलान, दयानंद खोबड़, इंद्र सिंह सौदा आदि मौजूद रहे।



**गोहाना।** रमाबाई आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक। *फोटो : हरिभूमि*

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने 31 मई तक हड़ताल बढ़ाने का लिया निर्णय

- जब तक सरकार समस्याओं का हल नहीं करती हड़ताल जारी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

ब्लॉक खरखौदा के हड़ताली ग्रामीण सफाई कर्मियों ने कहा कि जब तक सरकार वार्ता करके समस्याओं का समाधान नहीं करती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। ब्लॉक प्रधान रोहतास चंडालिया तथा मंच संचालन कर रहे ब्लॉक के सचिव चांद ने बताया कि 25 मई को नरवाना कपास मंडी में बैठे ग्रामीण सफाई कर्मियों ने पूरे रोड को जाम करते हुए 2 किलोमीटर दूर तक लंबी लाइन में प्रदर्शन करते हुए कृष्ण बेदी की कोठी का घेराव किया गया। आखिर कार काफी संघर्ष बाद हमारी वार्ता तीन दिन बाद मुख्य मंत्री के साथ करवाना तय हुआ। मंच से ही राज्य कमेटी के नेताओं ने घोषणा की गई कि इस दो दिवसीय महा पड़ाव का समापन किया जाता हैं और प्रदेश में अपने जिलों व ब्लॉकों पर हड़ताल को 31 मई तक बढ़ाया जाता हैं। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण से मुक्ति की मांग को लेकर नरवाना से मुख्यमंत्री के आवास चंडीगढ़ तक सैकड़ों की संख्या में पद यात्रा भी शुरू की गई है। स्टेट कमेटी के आदेश पर 29 से 31 मई तक सभी जिलों में एक दिन का जिला स्तरीय प्रदर्शन करते हुए सरकार के मंत्रियों को मांगों का ज्ञापन दिया जाएगा।



**खरखौदा।** हड़ताल पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

# बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने चुनाव न्यायाधिकरण के आदेश पर लगाई रोक

- बीसीआई ने कहा– पराजित उम्मीदवार को अध्यक्ष पद सौंपना अधिकार क्षेत्र से बाहर और न्यायिक मर्यादाओं के विपरीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला बार एसो सोनीपत के अध्यक्ष पद को लेकर चल रहा विवाद अब एक नया मोड़ ले चुका है। भारतीय विधिज्ञ परिषद (बार काउंसिल ऑफ इंडिया) ने इस मामले में बड़ा हस्तक्षेप करते पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव न्यायाधिकरण के फैसले पर रोक लगा दी है। बीसीआई ने प्रथम दृष्टया यह माना है कि चुनाव में हार चुके प्रत्याशी को अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपना पूरी तरह से अधिकार क्षेत्र से बाहर है और यह न्यायिक मर्यादाओं के विपरीत प्रतीत होता है। यह महत्वपूर्ण आदेश अधिवक्ता अनिल ढुल की ओर से दायर एक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया गया है। इस कानूनी लड़ाई में दूसरे पक्ष से कमल हुड्डा समेत अन्य को प्रतिवादी बनाया गया है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिला बार एसो के चुनाव में अनिल ढुल को निर्वाचित घोषित किया था, जबकि कमल हुड्डा को पराजय का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद चुनाव न्यायाधिकरण ने बीते 11 अप्रैल के अपने आदेश में कमल हुड्डा को नए चुनाव होने तक जिला बार एसो के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने की अनुमति दे दी थी।

#### उपाध्यक्ष संभालेंगे प्रधान का कार्यभार

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने चुनाव न्यायाधिकरण के 11 अप्रैल के आदेश को फिलहाल प्रभावहीन कर दिया है। इसके साथ ही अंतरिम व्यवस्था के तहत यह निर्देश दिए हैं कि जब तक इस पुनरीक्षण याचिका पर अंतिम फैसला नहीं आ जाता, तब तक जिला बार एसोसिएशन सोनीपत के निर्वाचित उपाध्यक्ष ही अध्यक्ष के सभी कार्यों और दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

#### जल्द कराने होंगे नए चुनाव, मांगा रिकॉर्ड

परिषद ने इसके अलावा जिला बार एसो की कार्यकारी समिति को नए सिरे से चुनाव कराने की सभी आवश्यक तैयारियां शुरू करने के भी निर्देश दिए हैं। बीसीआई ने मामले में संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करते पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव न्यायाधिकरण से केस का पूरा रिकॉर्ड तलब कर लिया है। इस हाईप्रोफाइल मामले की अगली सुनवाई अब 18 जुलाई 2026 को तय की गई है।

#### नोटिस मिलने पर लेंगे अगला निर्णय: कमल

दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम पर जिला बार एसो के प्रधान कमल हुड्डा का कहना है कि उन्हें अभी तक इस नए आदेश से संबंधित कोई आधिकारिक नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब उनके पास नोटिस और आदेश की कॉपी आ जाएगी, उसी का अध्ययन करने के बाद ही यह तय किया जाएगा कि उनका अगला कानूनी कदम क्या होगा।

# पहले करते थे प्रदर्शन, अब सत्ता में आकर चला रहे महंगाई की चक्की : रतन सिंह

- भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष ने छोटूराम धर्मशाला में पदाधिकारियों की बैठक को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश अध्यक्ष रतन सिंह मान ने पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के लगातार बढ़ रहे दामों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। कहा कि जो लोग पहले अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया करते थे। वहीं, अब सत्ता में आकर आम जनता को महंगाई की चक्की में पीसने का काम कर रहे हैं। भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारियों की बैठक छोटूराम धर्मशाला में आयोजित की । इसमें मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रत्न सिंह मान पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता पर बिना वजह का बोझ डाला जा रहा है। हमारे देश में रेट बढ़ने की जरूरत नहीं थी, लेकिन उसके बावजूद जो देश तेल कम रुपए में दे रहे हैं उनसे तेल न लेकर अमेरिका के कहने से दूसरी जगह से ले रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों पर लगाम नहीं लगाई गई, तो किसान आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण नहीं किया तो किसान एक बार फिर ट्रैक्टरों के साथ सड़कों पर उतर सकते हैं।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**सोनीपत।** योग प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

**सोनीपत।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत खेल विभाग द्वारा जिले में पांच दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 27 मई से 31 मई तक विभिन्न खेल स्टेडियमों और खेल नर्सरियों में आयोजित होगा। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों, युवाओं और आमजन को योग के प्रति जागरूक करना तथा योग की विभिन्न विधाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है। शिविरों में प्रशिक्षित योग विशेषज्ञ प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां देंगे। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हजारों खिलाड़ियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# पुरूषोत्तम शर्मा की 5वीं पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को करवाया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

वरिष्ठ पत्रकार रहे स्वर्गीय पुरूषोत्तम शर्मा की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनके परिजनों, मित्रों और सहयोगियों ने बुजुर्गों के बीच पहुंचकर उन्हें भोजन करवाया, जरूरत का सामान भेंट किया और उनका आशीर्वाद लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भावुक माहौल बना रहा। वैस्ट रामनगर में सूरी पेट्रोल पंप वाली गली स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित सेवा कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय पुरूषोत्तम शर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद परिवार और सहयोगियों ने आश्रम में रह रहे बुजुर्ग महिला-पुरुषों के साथ समय बिताया और उन्हें सम्मानपूर्वक भोजन परोसा। इस अवसर पर वर्मा पैथलैब के प्रमुख प्रवीण वर्मा ने कहा कि स्वर्गीय पुरूषोत्तम शर्मा केवल एक अच्छे वक्ता और लेखक ही नहीं थे, बल्कि समाज के प्रति गहरी संवेदनाएं रखने वाले व्यक्तित्व थे। उन्होंने जीवनभर जरूरतमंदों की सहायता को प्राथमिकता दी और सामाजिक सरोकारों से हमेशा जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि आज उनकी पुण्यतिथि पर सेवा कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। समाज कल्याण शिक्षा समिति आश्रम के संचालक आनंद कुमार ने बताया कि आश्रम में 28 से अधिक बुजुर्ग रह रहे हैं, जिनकी देखभाल के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।



**सोनीपत।** स्वर्गीय पुरूषोत्तम शर्मा को नमन करते परिजन एवं अन्य।

## जिलेभर की मस्जिदों में पारंपरिक तरीके से मनाया जाएगा पर्व, मस्जिदों में रौनक

# ईद-उल-अजहा कल : नमाज अदा कर अमन-शांति के लिए मांगी जाएगी दुआ

### खास लोगों, रिश्तेदारों को निमंत्रण देने का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व 28 मई वीरवार को जिलाभर में हर्षोल्लास व पारंपरिक तरीके से मनाया जाएगा। मस्जिदों में नमाज अदा कर अमन-शांति की दुआ मांगी जाएगी। इसके लिए मस्जिदों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विभिन्न मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने का अलग-अलग समय रहेगा। वहीं ईद पर्व की तैयारियों को लेकर महिलाएं व बच्चे बाजार में खरीदारी के लिए जुटे हैं। अपने खास लोगों, रिश्तेदारों को निमंत्रण देने का दौर जारी है।

विभिन्न मस्जिदों में ईद पर्व की व्यवस्थाएं बनाने के साथ लोगों को निमंत्रण देने का दौर मंगलवार को जारी रहा। मस्जिदों में नमाज के लिए पहुंचने वाले लोगों के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। ईद पर्व पर नए कपडों के साथ विभिन्न व्यंजन बनाने का भी खास महत्व है। बाजार में लोग ईद पर्व से जुड़े सामान की खरीदारी कर रहे हैं। जीटी रोड रसोई स्थित मदीना मस्जिद के इमाम नसीम कासमी ने बताया कि 28 मई दिन जुम्मे रात को पूरे भारत में ईद उल अजहा का पर्व मनाया जाएगा।



**सोनीपत।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली को ईद का निमंत्रण देते मदीना मस्जिद के इमाम नसीम कासमी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### बुराइयों को त्यागकर दे कुर्बानी

इमाम नसीम कासमी ने बताया कि ईद-उल-अजहा पर्व पर कुर्बानी व दान करने का खास महत्व है। इस दिन कुर्बानी करने वाले लोग इब्राहिम अलेही सलाम की सुन्नत को जिंदा करते हैं। कुर्बानी सिर्फ बकरा ही नहीं, हम अपनी बुराइयों को त्यागकर भी कुर्बानी कर सकते हैं। नमाज अदा कर खुदा के हुकुम की पालना की जाती है। उन्होंने बताया कि ईद-उल-अजहा पर दान का भी विशेष महत्व है, इसलिए अपने हिसाब से जरूरतमंद लोगों को दान करें। यह पर्व हमें मोहब्बत का पैगाम देता है, इसलिए इसे प्यार व मोहब्बत के साथ मिलकर मनाएं। मान्यता है कि पैगंबर इब्राहिम को अल्लाह ने अपने सबसे प्यारे बेटे इस्माइल की कुर्बानी देने का हुक्म दिया था। इब्राहिम अल्लाह के आदेश का पालन करने के लिए तैयार हो गए, लेकिन उनके इस सर्वोच्च समर्पण को देखकर अल्लाह ने उनके बेटे की जगह एक भेड़ दुंबा की कुर्बानी करवाई

#### सक्षम का कुर्बानी करना वाजिब

इमाम नसीम कासमी ने बताया कि इस्लामिक मान्यता अनुसार समुदाय का जो व्यक्ति आर्थिक रूप से सक्षम है। जिन पर जकात फर्ज है, उन पर बकरा ईद उल अजहा के मौके पर कुर्बानी करना वाजिब अनिवार्य माना गया है। कुर्बानी के इस मौके पर हम सभी को अपनी आन के खिलाफ भी कुर्बानी करनी चाहिए, जैसा कि झूठ, चोरी और हर एक गलत काम से अपने आप को बचाने की कोशिश करनी चाहिए। खुदा के लिए अच्छे काम की तरफ कदम बढ़ाने चाहिए।

#### किस मस्जिद में कितने बजे होगी नमाज

| | |
|---|---|
| मामा भांजा मस्जिद, सोनीपत | सुबह 6:50 बजे |
| मदीना मस्जिद, रसोई | सुबह 7:30 बजे |
| नांगल मस्जिद, सोनीपत | सुबह 7:15 बजे |
| कब्रिस्तान वाली मस्जिद, कुंडली | सुबह 7:30 बजे |
| प्रेम कॉलोनी मस्जिद, कुंडली | सुबह 6:00 बजे |
| ईदगाह मस्जिद, सोनीपत | सुबह 8:00 बजे |

### बीटेक स्तर पर प्रारंभ किए 4 नए पाठ्यक्रम

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, मुरथल ने बीटेक स्तर पर चार नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए हैं। बीटेक स्तर पर नए प्रारंभ किए गए प्रत्येक कोर्स में 30-30 सीटें निर्धारित है। उधर विवि में प्लेसमेंट की संख्या में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि विवि में बीटेक स्तर पर चार नए पाठ्यक्रमों में बी.डिजाइन, बीटेक इन टेक्सटाइल इंजीनियरिंग, बीटेक इन इलैक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग व बीटेक इन एनर्जी एंड एंवायरमेंटल मैनेजमेंट शामिल हैं। प्रदेश के प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षण संस्थानों में शामिल डीसीआरयूएसटी ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीटेक, बीटेक एवं बीआर्क कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया पहली दो ऑनलाइन काउंसलिंग राउंड के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे।

## अब सीएनजी के रेट 92.50 रुपये पहुंचे, एक के बाद एक लग रहे झटके

# पेट्रोल, डीजल के बाद अब सीएनजी ने दिखाए तेवर, महंगाई के मंडराएंगे बादल

*कच्चे तेल के भाव में बढ़ोतरी से कंपनियां लगातार बढ़ा रही पेट्रोलियम पदार्थों के दाम, वाहन चालकों की अब बढ़ती नजर आ रही परेशानी, माल भाड़े के रेट बढ़ना तय, टैक्सी में भी बढ़ेगा किराया, हर चीज में महंगाई से जूझ सकती है जनता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में मंगलवार को सीएनजी के दाम में 2 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जबकि जिले में यह बढ़ोतरी 3 दिन पहले ही लागू हो चुकी है। ईंधन के लगातार 12वें दिन पांचवीं बार बढ़े दामों से जिले में अब सीएनजी 92.50 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है। वहीं एक दिन पहले तेल के दामों में चौथी बार बढ़ोतरी से पेट्रोल 2.60 रुपये बढ़कर 102.72 रुपये पहुंच गया, तो वही डीजल के भाव भी 2.70 बढ़कर 95.36 रुपये प्रति लीटर पहुंच गए हैं। पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में लगातार बढ़ोतरी का कारण आसमान छूते कच्चे तेल का भाव माना जा रहा है। इससे पहले 15 मई को पेट्रोल-डीजल के दाम में पहली बार सीधे 3-3 रुपये, दूसरी बार 19 मई को 87 और 91 पैसे, तीसरी बार 23 मई को 86 व 91 पैसे बढ़ाए गए थे, जबकि 6 मई को सीएनजी के दाम में 80 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी।

लोगों को अब भी पेट्रोल-डीजल के दामों में और बढ़ोतरी होने की चिंता सताने लगी है। लोगों का कहना है कि सरकार व तेल कंपनियां आए दिन उपभोक्ताओं को झटकें पर झटकें दे रही हैं। इससे उन्हें खाद्य पदार्थों से लेकर रोजमर्रा की चीजों के भाव पर संकट मंडराता दिख रहा है। तेल की बढ़ी कीमतों से महंगे सफर के बाद माल ढुलाई के भाड़े में बढ़ोतरी होने के कयास शुरू हो गए हैं। इससे खाद्य सामग्री, सब्जियों जैसी रोजमर्रा की चीजों के दाम जल्द बढ़ने की संभावना बनी है। खाद्य बाजार में भी जल्द महंगाई बढ़ने रूपी संकट के बादल मंडरा सकते हैं। अब लोगों की नजर खाद्य सामग्री के भावों पर टिकी है। ऐसे में आमजन को हर चीज में महंगाई से जूझना पड़ सकता है। लोगों की मांग है कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में कटौती कर उन्हें राहत दी जाए।



**जिले में ईंधन के बढ़े दाम पर नजर**

| ईंधन | पहले दाम | नया दाम |
|---|---|---|
| पेट्रोल | 100.12 | 102.72 रुपये |
| डीजल | 92.66 | 95.36 रुपये |
| सीएनजी | 91.50 | 92.50 रुपये |

सोनीपत। शहर में पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरवाते वाहन चालक।

**40 प्रतिशत वाहन चालक सीएनजी पर निर्भर**

जिले में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम व रिलायंस के करीब 222 पेट्रोल पंपों पंपों के माध्यम से रोजाना हजारों लीटर ईंधन की खपत हो रही है। साथ ही कई पेट्रोल पंपों पर सीएनजी की व्यवस्था की गई है। जिले की बात करें, तो करीब 40 प्रतिशत वाहन चालक वर्तमान में सीएनजी पर निर्भर है। इनमें ज्यादातर माल ढुलाई वाहन चालक भी वाहनों के लिए सीएनजी का प्रयोग कर रहे हैं। साथ ही अधिकतर टैक्सी चालक भी सीएनजी पर निर्भर हैं। इस बीच सीएनजी के बढ़ने दाम वाहन चालकों के साथ आमजन पर भी असर डाल सकते हैं।

## याद बहुत आते हैं वो दिन...

# परिवार की प्रेरणा व गरीबी ने सिखाया पंख फैलाना तो छू लिया आसमान

**तमाम उम्र मेरी चौखट से जो चिराग जला, मेरे लिए वो बेहतर है आफताबों से : हरभगवान रहेजा**



हरभगवान रहेजा।

साल 2010 में ईएनटी विभाग से सेक्शन ऑफिसर पद से रिटायर्ड हरभगवान रहेजा बताते हैं कि पिता घमंडीराम व माता गणेशी देवी ने उनकी परवरिश बड़े ही प्यार से की है। उसी का नतीजा है कि आज वह समाजसेवा के पथ पर भी अग्रसर हैं। शुरुआती दिनों में परिवार की प्रेरणा व गरीबी ने उन्हें पंख फैलाना सिखाया, तो उन्होंने मन में आसमान छूने का जज्बा जगाया। हरभगवान रहेजा ने परिवार की परवरिश, साथ व प्रेरणा पर उर्दू में चंद पंक्ति पेश करते हुए कहा कि तमाम उम्र मेरी चौखट से जो चिराग जला, मेरे लिए वो बेहतर है आफताबों से। हरभगवान रहेजा ने बताया कि उनके पूर्वज वर्ष 1947 में पाकिस्तान से पंजाब के अमृतसर पहुंचे। इसके बाद वर्ष 1950 में हरियाणा के पानीपत जिले के गांव चुलकाना में उनका जन्म हुआ। वर्ष 1951-52 में सोनीपत आकर माता-पिता ने परिवार की परवरिश के लिए मेहनत-मजदूरी की। खुले आसमान के नीचे रातें गुजारी। कक्षा चौथी की पढ़ाई करते-करते उन्होंने पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए बड़े भाई के साथ फैक्टरी में लकड़ी के बॉक्स बनाने का काम किया। सोनीपत के हरियाणा स्कूल में शिक्षा में अव्वल होने के चलते उन्होंने स्कॉलरशिप से पढ़ाई का खर्च वहन किया। जब कक्षा 8वीं के बाद जब उन्होंने हिंदू स्कूल में दाखिला लेकर कुछ दिन पढ़ाई की, तो प्रधानाचार्य गुज्जरमल व शिक्षक बोधराज ने हरभगवान की लगन व जज्बे को देख वापस हरियाणा स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।



### कोई काम छोटा या बड़ा नहीं, छोटी केवल भावनाएं

हरभगवान रहेजा ने बताया कि उनके माता-पिता ने उन्हें हमेशा सच्चाई की राह पर चलने की प्रेरणा दी, हमेशा मेहनत करना सिखाया। अंत के दिनों में भी माता-पिता ने सब्जी बेचकर उन्हें जीवन जीने के मूलमंत्रों से अवगत कराया। वह कहते थे कि शर्म मत करो, आगे बढ़ो। कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता, छोटी केवल भावनाएं होती हैं। उन्हीं की प्रेरणा आज उनके जीवन की गाड़ी को रफ्तार देने का काम कर रही है।

### इस तरह ली जीवन ने करवट

हरभगवान रहेजा बताते हैं कि 1968 की बात है, जब उन्हें 75 नेशनल स्कॉलरशिप मिली, जबकि स्कूल में पढ़ाई खर्च 5 रुपये था। यहीं से उनके जीवन ने करवट ली। 1971 में वह बहालगढ़ स्थित रबड़ की फैक्टरी में सेल्स असिस्टेंट के पद पर प्राइवेट नौकरी से जुड़े। यहां 18 महीने कड़ी मेहनत के बाद उन्होंने 1973 में सरकारी नौकरी को हासिल किया। 1974 में सगाई, 12 दिसंबर 1976 में सरोज बाला रहेजा से विवाह के बाद उन्हें एक पुत्र व दो पुत्रियों की प्राप्ति हुई। जीवनसंगिनी के रूप में सरोजा बाला ने हर कदम पर हरभगवान रहेजा का साथ दिया। 4 साल पहले दोनों कुल्हों की हड्डी टूटने पर भी वह उनके साथ खड़ी रहीं।

### पिता के बाद मां ने कभी महसूस नहीं होने दी कमी, गुरुवाणी से सरल बनाया जीवन



दिल्ली में पीजीटी लैक्चरार के पद से वर्ष 2006 में सेवानिवृत्त एवं मूलरूप से पाकिस्तान के जतोई में जन्मे हरिचंद स्नेही आज कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़कर युवाओं का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। हरिचंद स्नेही ने बताया कि वर्ष 1961 में पिता तिलूराम का देहांत होने के बाद उनकी माता रामदेवी ने मेहनत, समाजसेवा की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता ने उनका व बड़ी बहन यशोदा देवी का पालन-पोषण बड़े ही प्यार से किया। विभाजन के बाद वर्ष 1947 में वह पानीपत के बाबरपुर आकर बसे। यहां से वर्ष 1948 में गन्नौर में जीवन की शुरुआत की। मेहनत मजदूरी के बलबूते चल रही परिवार की गाड़ी को उस समय झटका लगा, जब 1961 में पिता का देहांत हो गया। हरिचंद स्नेही ने बताया कि 10वीं कक्षा में गन्नौर के जनता हाई स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान माता-पिता ने उन्हें दिल में किसी के प्रति वैर न रखने, मिलजुलकर काम करने, आगे बढ़ने की शुरू से प्रेरणा दी। पिता की मौत के बाद माता ने कभी उनकी कमी को महसूस नहीं होने दिया। स्नेही ने बताया कि वर्ष 1962-64 में उन्होंने करना से जेबीटी के लिए टीचर ट्रेनिंग पूरी की।

### *मां ने गुरुवाणी की शिक्षाओं को जीवन में कराया धारण*

*हरिचंद स्नेही ने बताया कि उनकी माता पौराणिक थी। उन्होंने हमेशा किसी का दिल न दुखाने, क्रोध न करना सिखाया। साथ ही जीवन में गुरु नानक देव, गुरु ग्रंथ साहिब, गुरु वाणी की विचारधारा को धारण करवाया। साथ ही उन्होंने महात्मा प्रेम भिक्षु वामप्रस्थी को अपने गुरु के रूप में चुना। साथ ही वह आर्य समाज से जुड़े रहे। वर्ष 1984 में गन्नौर में बच्चों के लिए कॉलेज की व्यवस्था नहीं होने पर उन्होंने सोनीपत का रुख किया। आज उनके बच्चे भी पूर्वजों की प्रेरणा से बड़े औधों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।*

## न्यूज डायरी

### शिविर में 29 नागरिकों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य



गोहाना। शहर में पुराने बस अड्डे पर स्थित जनता मेडिकल हाल में मंगलवार को रक्तदान शिविर और भंडारा आयोजित किए गए। शिविर में 29 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर की संयुक्त अध्यक्षता कपूर सिंह भौरिया और काला लोहिया ने की। संयोजन डॉ. राहुल सैनी का रहा। कार्यक्रम आयोजन समिति में शिव जांगड़ा, जोनी, गुरदीप, मोहित, अशोक, नरेन्द्र, सलीम और सोनिया सैनी ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में नियमित रक्तदाताओं में सुधीर, राजेश और डॉ. राहुल ने रक्तदान की सेवा की। रामनिवास, सचिन, राहुल, बिजेंद्र अहलावत और यासीन ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

### बैडमिंटन में ब्राइट स्कॉलर्स ने जीते पदक



सोनीपत। ओपन जिला बैडमिंटन प्रतोयोगिता में ब्राइट स्कॉलर स्कूल के अनेक छात्रों ने पदक जीते। प्रतियोगिता का आयोजन एक निजी बैडमिंटन एकडेमी में 22 मई से 24 मई तक किया गया। अनेक खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में पदक जीतने का भरसक प्रयास किया। अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत अलग अलग आयु वर्ग में अहाना व सजग ने रजत, मनस्वी ने गोल्ड व सिल्वर, आरित ने स्वर्ण व रजत, ओजस ने स्वर्ण पदक जीते। स्कूल प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने विजेताओं को बधाई दी व कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा अनुशासन में रहते हुए अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर अथक मेहनत करनी पड़ती है तब जाकर उन्हें सफलता प्राप्त होती है। इन खिलाड़ियों की यह सफलता उसी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कोच विकास को भी बधाई दी व उनके प्रयासों की सराहना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### नशामुक्त समाज के लिए बनें जागरूक



गोहाना। रिकॉर्ड की जांच करते हुए एसडीएम अंकित कुमार।

**गोहाना।** एसडीएम अंकित कुमार ने मंगलवार को भगत फूल सिंह पीजीआईएमएस, खानपुर कलां का औचक निरीक्षण किया और अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से स्वास्थ्य सुविधाओं और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी भी ली। इस दौरान एसडीएम ने विशेष रूप से लोगों, खासकर युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया। अंकित कुमार ने कहा कि शराब और नशे की आदत व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करती है। नशा इंसान की सोचने-समझने की क्षमता को कमजोर कर देता है तथा कई बार अपराध और घरेलू विवादों का कारण भी बनता है।

## जूनियर नेशनल बास्केटबॉल में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

76वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में सोनीपत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की टीम को क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रतियोगिता का आयोजन 22 मई से 29 मई तक पांडुचेरी में बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया और पांडुचेरी बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। हरियाणा की लड़कों की टीम में सोनीपत के प्रिंस और मोनित शामिल हैं, जबकि लड़कियों की टीम में वैष्णवी जिले का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। तीनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। हरियाणा बास्केटबॉल संघ के महासचिव पाल सिंह ने बताया कि लड़कों की टीम ने लगातार शानदार खेल दिखाते हुए कर्नाटक को 94-68, राजस्थान को 80-71 और पंजाब को 108-87 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं लड़कियों की टीम ने छत्तीसगढ़ को 67-53 और पंजाब को 68-63 से शिकस्त देकर अंतिम आठ में जगह बनाई।



सोनीपत। लड़कों की टीम जिसने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है।

## पीएम सूर्य घर योजना के प्रति लोगों को किया जागरूक, मिस्ड कॉल से मिलेगी जानकारी : गर्ग

- बिजली चोरी की बजाय सोलर से चलाए बिजली उपकरण : कार्यकारी अभियंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम गन्नौर के कार्यकारी अभियंता प्रवीन गर्ग ने बताया कि केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने और बिजली बिल में बचत करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। लेकिन उसके बावजूद भी गन्नौर क्षेत्र के लोगों ने सोलर लगवाने में बहुत ही कम रुचि दिखाई है। कार्यकारी अभियंता गर्ग ने कहा उपभोक्ताओं को सोलर पैनल सुविधा का लाभ उठाना चाहिए और बिजली चोरी करने की बजाय सोलर पैनल की बिजली का प्रयोग करना चाहिए। इससे उपभोक्ताओं को बहुत फायदा होगा। कार्यकारी अभियंता प्रवीन गर्ग ने बताया कि उपभोक्ताओं से अपील है कि वे केवल एक मिस्ड कॉल देकर योजना की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। योजना के तहत उपभोक्ताओं को 98881-01912 नंबर पर मिस्ड कॉल देनी होगी। इसके बाद उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) का प्रतिनिधि उपभोक्ता से संपर्क कर योजना, सब्सिडी और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देगा। यह सेवा पूरी तरह निशुल्क रखी गई है। कार्यकारी अभियंता प्रवीन गर्ग ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर संयंत्र लगाने पर केंद्र सरकार की ओर से तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के संयंत्रों पर अधिकतम 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। इसके साथ ही हरियाणा सरकार की ओर से अतिरिक्त 50 हजार रुपये तक की सहायता का प्रावधान भी किया गया है।

## व्यक्ति का चरित्र ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी : रणबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



व्यक्ति का चरित्र ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। अगर धन-सम्पत्ति चली जाए तो मेहनत से उसे दोबारा कमाया सकता है लेकिन चरित्र नहीं। युवा अपनी बौद्धिक प्रतिभा को तराशने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करें, अच्छे स्वास्थ्य एवं चरित्र निर्माण के लिए खेलों में भाग लें और अपने विचारों पर नियंत्रण रखें। ये विचार गांव धनाना निवासी राष्ट्रीय कुश्ती कोच पहलवान रणबीर सिंह जाटायन ने व्यक्त किए। कोच रणबीर सिंह ने कहा कि धन और भौतिक संपदा जीवन में आते-जाते रहते हैं। जीवन में भौतिक सम्पदा से अधिक महत्व चरित्र का है। जिस व्यक्ति का चरित्र और आचरण अच्छा होता है, वह हर जगह सम्मान और विश्वास प्राप्त करता है। उसके पास हमेशा अमूल्य सम्मान का एक स्थायी खजाना होता है। उन्होंने कहा कि धन से आप सुख-सुविधाएं तो खरीद सकते हैं, लेकिन लोगों का दिल और सच्चा सम्मान केवल अच्छे व्यवहार, ईमानदारी और नैतिकता से ही कमाया जा सकता है। एक अच्छा चरित्र इंसान को विपरीत परिस्थितियों, लालच और गलत राह पर भटकने से भी बचाता है। शारीरिक सुंदरता या धन एक उम्र के बाद नष्ट हो सकते हैं, लेकिन एक सशक्त चरित्र व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी उसकी पहचान को जीवित रखता है। इसलिए कहते हैं अगर धन चला जाए तो कुछ नहीं जाता, स्वास्थ्य चला जाए तो कुछ खो जाता है लेकिन अगर चरित्र खो जाए तो सर्वस्व नष्ट हो जाता है।

## 29 मई को प्रदेश में सभी डिपो व सब डिपो पर प्रदर्शन



**गोहाना।** रोडवेज सांझा मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं आल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक खोखर ने कहा कि 29 मई को प्रदेश के सभी डिपो व सब डिपो में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। रोडवेज कर्मी यह प्रदर्शन मांगों को पूरा न किए जाने के विरोध में करेंगे। अशोक खोखर ने कहा कि एलटीसी व ओवरटाइम पर समय पर भुगतान न करने, बसों के रात्रि ठहराव की मांग को लेकर किया जाएगा। इसके बाद 5 जून को हिसार में कमिश्नरी स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। 16 जून को अंबाला, 24 जून को गुरुग्राम, दो जुलाई को रोहतक, नौ जुलाई को करनाल और 16 जुलाई को फरीदाबाद में कमिश्नरी स्तर पद जुलूस निकालकर प्रदर्शन किए जाएंगे। इसके बाद अगर मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने सरकार से पुरानी पेंशन योजना लागू करने, कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने और लंबित भत्तों का भुगतान करने की मांग की।

## राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में 82 वर्षीय बुजुर्ग महासिंह ने जीता रजत

**गन्नौर।** देहरादून में 17 मई को आयोजित राष्ट्रीय मुक्त निशानेबाजी प्रतियोगिता में गांव खूबड़ू निवासी 82 वर्षीय बुजुर्ग खिलाड़ी ने दस मीटर निशानेबाजी स्पर्धा में रजत पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इतनी अधिक आयु में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने पर गांव व आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बुजुर्ग खिलाड़ी की इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। प्रतियोगिता से लौटने पर श्री राम मार्किट व भारत विकास परिषद की ओर से विजेता खिलाड़ी का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।



गन्नौर। रजत पदक विजेता महासिंह को सम्मानित करते श्री राम मार्किट व भारत विकास परिषद के पदाधिकारी।

### कजाकिस्तान की पहलवान को 4-0 से हराकर बढ़ाया देश का मान

## तपस्या ने जीता गोल्ड, नौकरी की फाइल अब भी अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

महिला पहलवान तपस्या गहलावत ने एक बार फिर देश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने 57 किलोग्राम भार वर्ग के कुश्ती मुकाबले में कजाकिस्तान की पहलवान को 4-0 से हराकर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तपस्या पिछले छह वर्षों से ककरोई रोड स्थित हिंद केसरी युद्धवीर अखाड़े में प्रशिक्षण ले रही हैं। अखाड़े का संचालन देवी सिंह पहलवान करते हैं, जबकि उन्हें कोच सीमा राणा, कुलबीर राणा और समीक्षा मार्गदर्शन दे रहे हैं। लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए तपस्या सफलता की नई ऊंचाइयां छू रही हैं। तपस्या की इस उपलब्धि पर ऑल इंडिया गहलावत खाप के प्रधान दयानंद गहलावत ने घोषणा की है कि अनुभव मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से फरमाना में उनका सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी ट्रस्ट की ओर से तपस्या को 50 हजार रुपये और एक लाख रुपये की सम्मान राशि देकर प्रोत्साहित किया जा चुका है।



### खाप की सीएम से मांग

अखिल भारतीय गहलावत खाप के प्रधान दयानंद गहलावत ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि तपस्या गहलावत लगातार देश के लिए पदक जीत रही हैं और सरकार की खिलाड़ियों को नौकरी देने की नीति के अनुसार वह पात्र भी हैं, लेकिन अब तक उसे सरकारी नौकरी नहीं मिल सकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से उनकी फाइल जल्द स्वीकृत कर नौकरी देने की मांग की, ताकि अन्य बेटियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके।

### ये है तपस्या की उपलब्धियां

- वर्ष 2025 में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भागीदारी
- उत्तराखंड में गोल्ड मेडलिस्ट
- सीनियर नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट
- जूनियर नेशनल मेडलिस्ट
- वर्ष 2025 में सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लिया
- एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में गोल्ड जीतकर देश का मान बढ़ाया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर प्रशासन अलर्ट

**सोनीपत।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन अधिकारियों, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों ने भाग लिया। एडीसी ने सभी निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि 5 जून से 10 जून तक बीएलओ और सुपरवाइजरों की ट्रेनिंग समयबद्ध तरीके से पूरी करवाई जाए। बैठक में बताया गया कि 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन, नए मतदाताओं का पंजीकरण और संशोधन कार्य करेंगे। प्रारूप निर्वाचक नामावली 21 जुलाई को प्रकाशित होगी, जबकि 22 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। अजय चोपड़ा ने राजनीतिक दलों से जल्द बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) नियुक्त करने की अपील की। साथ ही गांवों में मुनादी, अस्पतालों में मोहर, पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर बैनर तथा खेल स्टेडियमों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल होना जरूरी है।